XXXX

# सी एस आई आर -केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी

## CSIR-Central Electronics Engineering Research Institute, Pilani

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय / Ministry of Science and Technology

भारत सरकार /Government of India

**तकनीकी सहायक – के पद के चयन हेतु लिखित परीक्षा (विज्ञापन संख्या 02/2025)**

**D**

Written Test for selection to the Post of Technical Assistant (Advt. No. 02/2025)

प्रश्न पत्र -I/ Question Paper -I

मानसिक दक्षता परीक्षण /Mental Ability Test

तिथि / Date : 28.12.2025

अधिकतम अंक / Maximum Marks : 100

समय / Time : 1घंटा / 1 Hour

अभ्यर्थी का नाम / name of the candidate

अनुक्रमांक सं / Roll No.

## अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश / Instructions to the Candidates

1. प्रश्न-पत्र, 50 प्रश्नों से युक्त प्रश्न-पुस्तिका के रूप में है और परीक्षा की अवधि 1घंटा है।
The Question paper is in the form of Question Booklet with 50 questions **and** the duration of the test is 1 Hour.

2. चार विकल्पों सहित वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे जिनमें से सिर्फ एक असंदिग्ध रूप से सही होगा।
The questions will be objective type with four options out of which only one will be unambiguously correct.

3. **प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक होंगे और गलत उत्तर के लिए कोई भी अंक काटा नहीं जाएगा।**
**Each question carries 02 marks and no mark will be deducted for wrong answer.**

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अलग ओएमआर उत्तर-पुस्तिका दी जाएगी।
A separate OMR answer sheet with carbon coated copy will be provided to mark the answer options.

5. आपको, उत्तर-पुस्तका में दिए गए अनुदेशों के अनुसार, नीली / काली स्याही के बॉल पॉइंट पेन से ओएमआर उत्तर-पुस्तिका के संबंधित ऑवल को अंकित करके सही उत्तर का चयन करना है।
You have to select the right answer by marking the corresponding oval on the OMR answer sheet by blue/black ball point pen as per instructions given in the answer sheet.

6. एक प्रश्न के लिए अनेक उत्तर गलत माना जाएगा।
Multiple answers for one question will be regarded as a wrong answer.

7. ऊपर दाएं कोने में मुद्रित प्रश्न-पुस्तिका कोड ओएमआर उत्तर-पुस्तिका पर निर्दिष्ट स्थान पर लिखना चाहिए।
Question booklet code printed on the top right corner should be written in the OMR answer sheet in the space provided.

8. प्रश्न-पुस्तिका में अपना नाम तथा अनुक्रमांक सही लिखें।
Enter your Name and Roll Number correctly in the question booklet.

9. ओएमआर उत्तर-पुस्तिका में सभी प्रविष्टियाँ नीली / काली स्याही के बॉल पॉइंट पेन से ही की जानी चाहिए।
All entries in the OMR sheet should be with **blue/black ball point pen** only.

10. परीक्षा हॉल में निरीक्षक की उपस्थिति में ही आपको उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर करना चाहिए।
You should sign attendance sheet only in the presence of the Invigilator in the examination hall.

11. लिखित परीक्षा हॉल के भीतर कंप्यूटर, कलकुलेटर, मोबाइल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, पाठ्य पुस्तकें, नोट आदि लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
Computers, calculators, mobile phones and other electronic gadgets, text books, notes etc. will not be allowed inside the written test hall.

12. परीक्षा पूर्ण होने पर, मूल ओएमआर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को सौंपें तथा दूसरी प्रति (पीले रंग )अपने पास रखें।
On completion of the test, original OMR answer sheet to the invigilator and retain the duplicate copy (Yellow color) with you.

13. प्रश्न-पुस्तिका निरीक्षक को सौंपे।
Return the question booklet to invigilator.

14. परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं है।
Candidates are not permitted to leave the examination hall during the examination.

# SET D

**प्रश्न पत्र** / Question Paper

Name of Examination: Written Exam of Technical Assistant

**पद/ Post:** तकनीकी सहायक **/Technical Assistant**

**विषय / Subject-** मानसिक योग्यता परीक्षण **/ Mental Ability Test**

पेपर कोड/ **Paper Code: 250101**

**कुल प्रश्न** / Total Question: 50 **समय** /Time: 60 **मिनट** /minutes

**1.** P, Q, R और S कैरम का खेल खेल रहे हैं। P, R और S, Q साथी हैं। S, R के दाईं ओर है जो पश्चिम दिशा के सम्मुख है। अतः, Q का मुख किस ओर है?

P, Q, R and S are playing a game of carrom. P, R and S, Q are partners. S is to the right of R who is facing west. Then, Q is facing?

(a) उत्तर / North

(b) दक्षिण / South

(c) पूर्व / East

(d) पश्चिम / West

**2.** किसी कोड में, CORNER को GSVRIV लिखा जाता है। उसी कोड में CENTRAL को कैसे लिखा जाएगा?

In a code, **CORNER** is written as **GSVRIV**. How can **CENTRAL** be written in that code?

(a) GIRXVEP

(b) GJRYVEP

(c) GNFJKER

(d) DFOUSBM

3. निम्नलिखित प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिए गए हैं। सबसे उपयुक्त विकल्प को उत्तर के रूप में चुनिए। "आपके बाथरूम का नल लीक कर रहा है और लगातार परेशान करने वाली आवाज़ का स्रोत है"। आप-

To the following questions, four probable answers have been given. Select the most appropriate alternative as the answer.
"Your bathroom tap is leaking and is a constant source of irritating noise". You would-

(a) नल के मुँह पर एक कॉर्क लगाने की कोशिश करेंगे। / try to put up a cork upon the mouth of the tap.

(b) नल की मरम्मत के लिए प्लंबर को बुलाएँगे। / call a plumber to repair the tap.

(c) नीचे एक बाल्टी रख देंगे। / put a bucket underneath.

(d) कानों पर तकिया रखकर सोएँगे। / sleep with pillows upon your ears.

4. आप एक पार्क में फुटबॉल खेल रहे हैं। जब आप गेंद को किक मारते हैं, तो वह टकराती है जिससे पास के एक घर की खिड़की का शीशा टूट जाता है। आप-

You are playing football in a park. When you kick the ball, it strikes and breaks the window pane of a nearby house. You would-

(a) मकान मालिक से माफ़ी मांगेंगे और शीशा बदलने में योगदान देंगे / apologies to the house owner and contribute to replace the glass

(b) मकान मालिक से अपनी गेंद वापस मांगेंगे / demand your ball back from the house owner

(c) कहेंगे कि इसमें आपकी कोई गलती नहीं थी / say that it was no fault of yours

(d) चुपके से अपनी गेंद वापस ले लेंगे / stealthily get your ball back

5. वह शब्द चुनिए जो समूह के अन्य शब्दों से सबसे कम मिलता-जुलता है।

Choose the word which is least like the other words in the group.

(a) गिटार / Guitar

(b) बाँसुरी / Flute

(c वायलिन / Violin

(d) सितार / Sitar

6. निम्नलिखित प्रश्न में, I और II द्वारा दर्शाए गए दो शब्दों को छोड़ दिया गया है। सही संयोजन चार विकल्पों A, B, C और D में से एक के रूप में दिया गया है। प्रत्येक स्थिति में सही संयोजन ज्ञात कीजिए।
I : तलवार : : II : धागा
I. (A) खंजर (B) चाकू (C) योद्धा (D) मारना
II. (P) सुई (Q) दर्जी (R) रस्सी (S) सिलाई

In the following questions, two words indicated by I and II have been left out. The correct combination is given as one of the four alternatives A, B, C and D. Find the correct combination in each case.
I : Sword : : II : Thread
I. (A). Dagger (B) Knife (C) Warrior (D) Kill
II. (P) Needle (Q) Tailor (R) Rope (S) Stitch

(a) AP

(b) BR

(c) CQ

(d) DS

7. नीचे दिए गए शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें।

Arrange the words given below in a meaningful sequence.
1. हाथी/ Elephant
2. बिल्ली/ Cat
3. मच्छर / Mosquito
4. बाघ / Tiger
5. व्हेल/ Whale

(a) 5, 3, 1, 2, 4

(b) 3, 2, 4, 1, 5

(c) 1, 3, 5, 4, 2

(d) 2, 5, 1, 4, 3

8. एक कोचिंग संस्थान में, कक्षा 10 में छात्रों की संख्या कक्षा 12 में छात्रों की संख्या से 1/3 अधिक है। यदि संस्थान में कक्षा 10 और कक्षा 12 के छात्रों की कुल संख्या 112 है, तो उस संस्थान में कक्षा 10 के छात्रों की संख्या ज्ञात करें?

In a coaching institute, the number of students in class 10 is 1/3 more than the number of students in class 12. If the total number of students of class 10 and class 12 in the institute are 112, find the number of students in class 10 in that institute.

(a) 64

(b) 52

(c) 48

(d) 70

**9.** एक घड़ी में 4 बजकर 30 मिनट हो रहे हैं यदि घंटे की सूई उत्तर में है, तो मिनट के सूई की दिशा किस तरफ होगी?

A watch reads 4:30. If the hour hand points in North then minute hand will face which direction?

(a) पूर्व / East

(b) पश्चिम / West

(c) उत्तर-पूर्व / North- East

(d) उत्तर पश्चिम/ North-West

**10.** एक स्कूल की सुबह की प्रार्थना में, चंचल आगे से 8वें स्थान पर थी, जबकि प्रिंस उसी पंक्ति में पीछे से 11वें स्थान पर था। जैसे ही उन्होंने अपना स्थान बदला, चंचल आगे से 22 वें स्थान पर आ गई। पंक्ति में विद्यार्थियों को संख्या कितनी है?

In the morning prayer of a school, Chanchal was 8th from the front, while Prince was 11th from the back in the same row. If they swap their positions, Chanchal becomes 22nd from the front. What is the number of students in the row?

(a) 32

(b) 30

(c) 31

(d) 33

**11.** 6 टैंको A, B, C, D, E और F की क्षमताओं की तुलना की जाती है। किसी भी दो टैंकों की क्षमता समान नहीं है। D की क्षमता F और C से अधिक है। A की क्षमता केवल B से कम है। उनकी क्षमताओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही हो सकता है?

Capacities of six tanks A, B, C, D, E and F are compared. No two tanks have same capacity. Capacity of D is more than F and C. Capacity of A is less than only B. Which of the following sequence about their capacities can be correct?

I. A > D > E
II. C > F > E

(a) न तो I और न ही II / Neither I nor II

(b) केवल I / Only I

(c) केवल II / Only II

(d) I और II दोनों / Both I and II

**12.** छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक वृत्त के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। A, E के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है। B, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C और D, जो B का निकटतम पड़ोसी नहीं है, के बीच केवल एक व्यक्ति बैठता है। F, B के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठता है। F के संबंध में C की स्थिति क्या है?

Six persons A, B, C, D, E and F are sitting around a circle facing the centre. A sits third to the left of E, B is not an immediate neighbour of A, Only one person sits between C and D who is not an immediate neighbour of B and F sits second to the left of B. What is the position of C with respect to F?

(a) दाईं ओर दूसरा / Second to the right

(b) बाईं ओर तीसरा / Third to the left

(c) तत्काल बाएं / Immediate left

(d) तत्काल दाएं / Immediate right

**13.** कथन: एक बैंक के विज्ञापन में कहा गया है,
"बैंक खाता खोलना चाहते हैं। बस हमारी 'होम सर्विस' डायल करें और हम आपके दरवाजे पर आ जाएंगे।"
Statement: An advertisement of a Bank says,
"Want to open a bank account! Just dial our 'home service" and we will come at your doorstep."

धारणाएँ: /Assumptions:

I. ऐसे लोगों का एक वर्ग है जिन्हें अपने घर पर ऐसी सेवा की आवश्यकता होती है।
There is a section of people who require such service at their home.

II. आजकल, बैंकिंग बहुत प्रतिस्पर्धी हो गई है।
Now-a-days, banking has become very competitive.

(a)सिर्फ धारणा I कथन में निहित है। / Only assumption I is implicit

(b) सिर्फ धारणा II कथन में निहित है।/ Only assumption II is implicit.

(c) या तो धारणा I या II कथन में निहित है। / Either assumption I or II is implicit.

(d) न तो धारणा I और न ही II कथन में निहित है। / Neither assumption I nor II is implicit.

**14.** निर्देश :
एक कथन के बाद दो अनुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन को सत्य मानना है, भले ही वह सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय लेना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा, यदि कोई हो, दिए गए कथन का अनुसरण करता है।
Directions:
A statement is given followed by two inference I and II. You have to consider the statement to be true even if it seems to be at variance with commony known facts. You have to decide which of the given inferences, if any, follow from the given statement.

कथन :
नेशनल एक्सप्रेसवे-A सबसे चौड़ा एक्सप्रेसवे है और इसका उपयोग बहुत कम लोग करते हैं। जब लोगों को खाली और चौड़ी सड़क मिलती है लोग तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती है।
Statement :
National Expressway- A is the widest expressway and is used by few people. When people find an empty and wide road, people drive at high speed, which leads to accidents.

अनुमान/ Inference:
I.सभी दुर्घटनाएँ तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण होती हैं।/ All accidents happen due to over speeding
II. तेज गति से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। / High speed increases the risk of accident.

(a) यदि केवल I अनुसरण करता हूँ।/ If only I follows.

(b) यदि I और II दोनों अनुसरण करते हैं।/ If both I and II follow.

(c) यदि केवल II अनुसरण करता है। / If only II follows. /

(d) न तो I और न ही II अनुसरण करता है।/ Neither I nor II follows.

**15.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द युग्म को चुनिए।
कार: पहिया :: ? : ?

In the following question, select the related word pair from the given alternatives.
Car: Tyre :: ? : ?

(a) घर : कमरा / House: Room

(b) मजदूर :वेतन / Labour:Salary

(c) कैमरा :छायाचित्र / Camera:Photo

(d) घर : लोग / House:People

16. एक आदमी तीन अलग-अलग योजनाओं में 6 साल, 10 साल और 12 साल के लिए क्रमशः 10%, 12% और 15% साधारण ब्याज पर पैसा निवेश करता है। यदि प्रत्येक योजना के पूरा होने पर, उसे समान ब्याज मिलता है, तो निवेश का अनुपात है-

A man invests money in three different schemes at 10%, 12%, and 15% simple interest for 6 years, 10 years, and 12 years, respectively. If he receives the same interest on each scheme, the ratio of the investments is:

(a) 7:4:3

(b) 5:4:3

(c) 6:3:2

(d) 4:3:2

17. विकास अपने वेतन का 80% खर्च करता है। उसके वेतन में 25% की वृद्धि हुई और उसके व्यय में 15% की वृद्धि हुई। उसकी बचत में प्रतिशत वृद्धि कितनी है?

Vikas spends 80% of his salary. His salary increased by 25% and his expenses increased by 15%. What is the percentage increase in his savings?

(a) 70%

(b) 50%

(c) 45%

(d) 65%

18. यदि किसी व्यक्ति ने एक वस्तु 60 रुपये में खरीदी और उसे 25% लाभ पर बेचा, तो वस्तु का विक्रय मूल्य होगा:

If a person bought an article for Rs 60 and sold it at 25% profit, then the selling price of the article will be:

(a) 72 रु. / Rs 72

(b) 82 रु./ Rs 82

(c) 75 रु./ Rs 75

(d) 80 रु./ Rs 80

19. चक्रवृद्धि ब्याज के तहत कोई रकम 3 वर्ष में दोगुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह अपनी राशि का 256 गुना हो जाएगा?

Under compound interest, a sum of money doubles in 3 years. In how many years will it become 256 times its amount?

(a) 24 वर्ष / 24 years

(b) 28 वर्ष / 28 years

(c) 22 वर्ष / 22 years

(d) 26 वर्ष / 26 years

**20.** A, B और C आपस में 3:5:7 के अनुपात में नकद पुरस्कार बांटते हैं। यदि C को 49000 रुपये मिलते हैं, तो A और B दोनों को मिलाकर प्राप्त कुल राशि ज्ञात कीजिए।

A, B, and C share a cash prize in the ratio 3:5:7. If C receives ₹49,000, find the total amount received by A and B together.

(a) 65,000 रुपये / Rs 65,000

(b) 44,000 रुपये / Rs 44,000

(c) 80,000 रुपये / Rs 80,000

(d) 56,000 रुपये / Rs 56,000

**21.** एक पिता की आयु उसके दो बच्चों की आयु के योग की तीन गुनी है। 6 वर्ष बाद, उसकी आयु दोनों बच्चों की आयु के योग की दोगुनी हो जायेगी। पिता की आयु ज्ञात कीजिए।

A father's age is three times the sum of the ages of his two children. After 6 years, his age will be twice the sum of their ages. Find the father's age.

(a) 50 वर्ष / 50 years

(b) 52 वर्ष / 52 years

(c) 54 वर्ष / 54 years

(d) 36 वर्ष / 36 years

**22.** एक मिश्रण में रेत और सीमेंट का अनुपात शुरू में 9:2 था। मिश्रण में 20 किग्रा रेत और 10 किग्रा सीमेंट मिलाने पर रेत और सीमेंट का अनुपात 4:1 हो गया। मिश्रण में सीमेंट की आरंभिक मात्रा क्या थी?

The ratio of sand and cement in a mixture was initially 9: 2. After adding another 20 kg of sand and 10 kg of cement to the mixture, the ratio of sand and cement became 4: 1. What was the initial amount of cement in the mixture?

(a) 30 किग्रा / 30 kg

(b) 20 किग्रा / 20 kg

(c) 40 किग्रा / 40 kg

(d) 50 किग्रा / 50 kg

**23.** अशोक, भरत और महेश ने एक साझेदारी बनाई। अशोक ने कुल पूँजी का एक-तिहाई हिस्सा लगाया, जबकि भरत ने अशोक और महेश के संयुक्त निवेश के बराबर हिस्सा लगाया। अंतिम लाभ ₹96,000 है। महेश को कितना मिलेगा? (रुपये में)

Ashok, Bharat, and Mahesh formed a partnership. Ashok invested one-third of the total capital, while Bharat invested an equal share as Ashok and Mahesh's combined investment. The final profit is ₹96,000. How much will Mahesh receive? (in rupees)

(a) 14,000

(b) 28,000

(c) 16,000

(d) 42,000

**24.** A और B की कार्य-क्षमताओं का अनुपात 3: 4 है। यदि A किसी कार्य को 12 दिन में पूरा करता है, तो B को उसी कार्य को पूरा करने में कितने दिन का समय लगेगा?

The ratio of the working capacities of A and B is 3:4. If A completes a task in 12 days, how many days will B take to complete the same task?

(a) 16 दिन / 16 days

(b) 18 दिन / 18 days

(c) 9 दिन / 9 days

(d) 12 दिन / 12 days

**25.** रमेश 10 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चल रहा है। वह प्रत्येक किलोमीटर के बाद 5 मिनट विश्राम करता है। रमेश द्वारा 5 किलोमीटर की दूरी तय करने में लिया गया समय है:

Ramesh is walking at a speed of 10 kilometers per hour. He rests for 5 minutes after every kilometer. The time taken by Ramesh to cover a distance of 5 kilometers is:

(a) 45 मिनट / 45 minutes

(b) 35 मिनट / 35 minutes

(c) 50 मिनट / 50 minutes

(d) 55 मिनट / 55 minutes

26. एक ट्रेन X 400 मीटर की लंबाई वाले प्लेटफार्म के बाहर खड़ी है। यदि 280 मीटर की लंबाई वाली एक और ट्रेन Y 40 सेकण्ड में प्लेटफॉर्म को पार करती है और 30 सेकण्ड में ट्रेन X को भी पार करती है, तो ट्रेन X की लंबाई क्या है?

A train X is standing outside a platform 400 meters long. If another train Y, 280 meters long, crosses the platform in 40 seconds and also passes train X in 30 seconds, what is the length of train X?

(a) 210 मीटर / 210 meters

(b) 255 मीटर / 255 meters

(c) 230 मीटर / 230 meters

(d) 280 मीटर / 280 meters

27. श्रृंखला 12, 19, 26, 33….. में 10वीं संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the $10^{th}$ number in the series 12, 19, 26, 33…..

(a) 89

(b) 75

(c) 82

(d) 67

28. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए , जिसे तीन गुना करने पर 5, 15 और 35 से भाग देने पर शेषफल शून्य हो।

Find the smallest number that, when tripled, leaves a remainder of zero when divided by 5, 15, or 35.

(a) 70

(b) 35

(c) 150

(d) 100

29. निम्नलिखित में से कौन-सा भिन्न सबसे छोटा है?
5/11, 7/12, 8/13, 9/17

Which of the following fractions is the smallest?
5/11, 7/12, 8/13, 9/17

(a) 8/13

(b) 5/11

(c) 9/17

(d) 7/12

**30.** यदि एक चतुर्भुज के चारों कोणों के मापों p, q, r और s का अनुपात 3 : 5 : 4: 6 है, तो 3p + 2r का मान ज्ञात कीजिए।

If the measures of the four angles p, q, r, and s of a quadrilateral are in the ratio 3: 5: 4: 6, find the value of 3p + 2r.

(a) 330°

(b) 340°

(c) 360°

(d) 310°

**31.** एक आयताकार प्लॉट की लंबाई इसकी चौड़ाई से 20 मीटर अधिक है। यदि प्लॉट पर रु. 26.50 प्रति मीटर की दर से बाड़ लगाने की लागत रु. 5300 है, तो प्लॉट की लम्बाई मीटर में ज्ञात कीजिए।

The length of a rectangular plot is 20 meters greater than its width. If the cost of fencing the plot at the rate of Rs. 26.50 per meter is Rs. 5300, find the length of the plot in meters.

(a) 50

(b) 40

(c) 120

(d) 60

**32.** 40 मीटर × 24 मीटर माप के एक कमरे के फर्श पर बिछाने के लिए, 6 मीटर × 4 मीटर माप के कितने कालीनों की आवश्यकता होगी?

How many carpets measuring 6 m × 4 m are needed to cover the floor of a room measuring 40 m × 24 m?

(a) 40

(b) 35

(c) 12

(d) 18

**33.** 7 प्रेक्षणों का माध्य और माध्यिका क्रमशः 10 और 9 है। यदि प्रत्येक अवलोकन से 1 घटा दिया जाए, तो नया माध्य और नया माध्यिका क्रमशः होंगे:

The mean and median of 7 observations are 10 and 9, respectively. If 1 is subtracted from each observation, the new mean and median will be:

(a) 7 और 6 / 7 and 6

(b) 8 और 9 / 8 and 9

(c) 9 और 8 / 9 and 8

(d) 4 और 3 / 4 and 3

**34.** अरुण, रोहन का परिचय अपने पिता की पत्नी के इकलौते भाई के बेटे के रूप में कराता है। रोहन, अरुण से किस प्रकार संबंधित है?

Arun introduces Rohan as the son of the only brother of his father's wife. How is Rohan related to Arun?

(a) भाई / Brother

(b) दामाद / Son-in-law

(c) चचेरा भाई / Cousin

(d) चाचा / Uncle

**35.** निम्नलिखित प्रश्न में, :: के एक ओर दिए गए दो शब्दों के बीच एक निश्चित संबंध है और :: के दूसरी ओर एक शब्द दिया गया है, जबकि दिए गए विकल्पों में से एक और शब्द ढूँढ़ना है, जिसका इस शब्द के साथ वही संबंध हो जो दिए गए युग्म के शब्दों का है। सही विकल्प चुनिए।
मोमबत्ती : मोम ::कागज़ : ?

In the following questions, there is a certain relationship between two given words on one side of:: and one word is given on another side of :: while another word is to be found from the given alternatives, having the same relation with this word as the words of the given pair bear.Choose the correct alternative.
Candle: Wax:: Paper : ?

(a) बाँस / Bamboo

(b) पेड़ / Tree

(c) लुगदी / Pulp

(d) लकड़ी / Wood

**36.** A, B, C, D, E और F में से प्रत्येक की परीक्षा सप्ताह के अलग-अलग दिन सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होती है। गुरुवार एकमात्र अंतराल दिवस है जिस दिन कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है। E की परीक्षा शनिवार को है। A और F की परीक्षाओं को एक दिन अर्थात अंतराल दिवस से अलग किया जाता है। D की परीक्षा F से ठीक पहले है लेकिन C के ठीक बाद है। B की परीक्षा रविवार को है। D की परीक्षा किस दिन आयोजित की जाती है?

Each of A, B, C, D, E and F has an exam on a different day of a week starting from Monday and ending on Sunday of the same week. Thursday is the only gap day on which no exam is held. E's exam is on Saturday. The exams of A and F are separated by one day that is the gap day. D's exam is immediately before F but is immediately after C. B's exam is on Sunday. On which day is D's exam held?

(a) शुक्रवार / Friday

(b) मंगलवार / Tuesday

(c) /बुधवार / Wednesday

(d) सोमवार / Monday

**37.** एक ऑटो पैसेंजर को लेकर पश्चिम की ओर 3.5 किलोमीटर चलता है। फिर यह बाईं ओर मुड़कर 2.5 किलोमीटर चलता है तथा फिर यह पूर्व की ओर मुड़कर 6.5 किलोमीटर चलता है। इसके बाद यह बाईं ओर मुड़कर 2.5 किलोमीटर चलता है। ऑटो प्रारम्भिक स्थिति से कहाँ है?

An auto picks a passenger and travels West 3.5 km, then it turns to its left and rides for another 2.5 km, then it turns East and rides for 6.5 km, then it turns to its left and rides 2.5 km. Where is the auto now with respect to its starting position?

(a) 3 किलोमीटर पूर्व / 3 km East

(b) 3 किलोमीटर पश्चिम / 3 km West

(c) 10 किलोमीटर पूर्व / 10 km East

(d) 10 किलोमीटर पश्चिम / 10 km West

**38.** एक पुरुष ने एक महिला से कहा, "तुम्हारी माता के पति की बहन मेरी माता है।" उस पुरुष का उस महिला से क्या संबंध है?

A man said to a lady, "Your mother's husband's sister is my mother." How is the man related to the lady?

(a) चचेरा भाई / Cousin

(b) भाई / Brother

(c) बेटा / Son

(d) भतीजा / Nephew

**39.** दिए गए विकल्पों में से कौन सी संख्या इस श्रृंखला को पूरा करती है?

Which number will complete the series? 63, 72, 81, 90,----, 108

(a) 80

(b) 99

(c) 100

(d) 117

**40.** गोपाल, मोहन से बड़ा किन्तु राम से छोटा है। मोहन, सोहन से बड़ा किन्तु राम से छोटा है। उम्र में सबसे बड़ा कौन है?

Gopal is older than Mohan but younger than Ram. Mohan is older than Sohan but younger the Ram. Who is the oldest?

(a) गोपाल / Gopal

(b) मोहन / Mohan

(c) राम / Ram

(d) सोहन / Sohan

**41.** यदि 21 # 11 = 5 , 18 # 4 = 7, और 6 # 2 = 2, तो 13 # 5 = ? का मान ज्ञात करें-

If 21 # 11 = 5, 18 # 4 = 7, and 6 # 2 = 2, then find the value of 13 # 5 = ?

(a) 4

(b) 8

(c) 18

(d) 65

**42.** किसी निश्चित कोड भाषा में '+', '-' को प्रदर्शित करता है, '-', '×' को प्रदर्शित करता है, '×', '÷' को प्रदर्शित करता है और '÷', '+' को प्रदर्शित करता है। निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर ज्ञात करें?

In a certain code language, '+' represents '-', '-' represents '×', '×' represents '÷' and '÷' represents '+'. Find out the answer to the following question.

$96 \times 4 \div 125 + 25 - 5 = ?$

(a) 23

(b) 24

(c) 50

(d) 8

**43.** प्रश्न में दो कथन दिए गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गये हैं। आपको मानना है कि दोनों कथन सत्य हैं चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निश्चित रूप से कथन द्वारा सही निकाला जा सकता है/सकते हैं, यदि कोई हो।

कथन I:सभी ऑफिसर्स माएँ हैं
कथन II:कुछ डॉक्टर्स माएँ हैं

निष्कर्ष I:सभी डॉक्टर्स माएँ हैं
निष्कर्ष II: कुछ माएँ ऑफिसर्स हैं

In the question two statements are given, followed by two conclusions, I and II. You have to consider the statements to be true even if it seems to be at variance from commonly known facts. You have to decide which of the given conclusions, if any, follows from the given statements.

Statements I: All officers are mothers
Statements II: Some doctors are mothers

Conclusion I: All doctors are mothers
Conclusion II: Some mothers are officers

(a) केवल निष्कर्ष I सही है / Only conclusion I follows

(b) केवल निष्कर्ष II सही है / Only conclusion II follows

(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही है / Both conclusions I and II follow

(d) ना तो निष्कर्ष I सही है ना ही निष्कर्ष II / Neither conclusion I nor conclusion II follows

**44.** प्रश्न में दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

वक्तव्य :
1. कुछ अध्यापक अनुयायी है।
2. कुछ अनुयायी प्रसिद्ध है।

निष्कर्ष :
I. कुछ अध्यापक प्रसिद्ध हैं।
II. कुछ अनुयायी अध्यापक हैं।

The question consists of two statements followed by two conclusions/assumptions, I and II. You have to consider the statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts. You have to decide which of the given conclusions/assumptions logically follows from the given statements.
Statement:
1. Some teacher are followers.
2. Some followers are famous.

Conclusions:
I. Some teachers are famous.
II. Some followers are teachers.

(a) केवल निष्कर्ष I सही है। / Only conclusion I follows

(b) केवल निष्कर्ष II सही है। / Only conclusion II follows

(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है। / Both conclusion I and II follows

(d) न तो निष्कर्ष I सही है और न ही निष्कर्ष II सही है। / Neither conclusion I nor II follows

**45.** प्रश्न में एक कथन दिया गया है जिसके आगे दो तर्क I और II दिये गये हैं। आपको मानना है कि कथन सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए तर्कों में से कौन-सा/कौन-से तर्क मजबूत हैं, यदि कोई हो –

कथन: क्या पब्लिक स्कूल की कक्षाओं में शिक्षकों की निगरानी के लिए कैमरा स्थापित किया जाना चाहिए?

तर्क I : नही, इससे गोपनीयता के नियमों का उल्लंघन होगा।
तर्क II : हाँ, इससे शिक्षक अधिक उत्तरदायी होंगे, जिससे उनकी उत्पादकता बढ़ेगी।

In the question a statement is given, followed by two arguments, I and II. You have to consider the statement to be true even if it seems to be at variance from commonly known facts. You have to decide which of the given arguments, if any, is a strong argument:

Statement: Should cameras be installed in public school class-rooms to monitor teachers?

Argument I: No, This will violate privacy norms.
Argument II: Yes, This will make teachers more accountable, increasing their productivity.

(a) यदि केवल तर्क I मजबूत है। / if only argument I is strong

(b) यदि ना तो तर्क I और ना ही तर्क II मजबूत है। / if neither I nor II is strong

(c) यदि दोनों तर्क I और II मजबूत हैं। / if both I and II are strong

(d) यदि केवल तर्क II मजबूत हैं। / if only argument II is strong

**46.** यदि P का अर्थ गुणा है, T का अर्थ घटाना है, M का अर्थ योग है, और B का अर्थ भाग है, तो 28B7P8T6M4 = ?

If P denotes multiply, T denotes subtraction, M denotes addition, B denotes division then 28B7P8T6M4 = ?

(a) 28

(b) 30

(c) 32

(d) 34

**47.** निम्नलिखित प्रश्न में एक वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष / मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है। चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

कथन : गरीबी, सामाजिक अव्यवस्था का लक्षण एवं परिणाम है।
निष्कर्ष :
I. गरीबी सामाजिक व्यवस्था का एक प्रकार है।
II. गरीबी सामाजिक व्यवस्था से सम्बन्धित है।

In the following question, a statement is given, followed by two conclusions/assumptions, I and II. You have to consider the statement to be true, even if it seems to be at variance with commonly known facts. You have to decide which of the given conclusions/assumptions can definitely be drawn from the given statement.

Statement: Poverty is a symptom as well as a consequence of social disorder.
Assumptions:
I. Poverty is a type of social order
II. Poverty is related to social order

(a) केवल निष्कर्ष I सही है। / Only I assumption is correct

(b) केवल निष्कर्ष II सही है। / Only assumption II is correct

(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं। / Both assumptions I and II are correct

(d) न तो निष्कर्ष I सही है और न ही निष्कर्ष II / Neither assumption I nor II is correct

**48.** 4 बच्चों की आयु का योग 60 वर्ष है और उनके जन्म में 4-4 वर्ष का अन्तर है। सबसे छोटे बच्चे की आयु बताइए?

The sum of ages of 4 children born at intervals of 4 years each is 60. What is the age of the youngest child?

(a) 7 वर्ष / 7 years

(b) 10 वर्ष / 10 years

(c) 9 वर्ष / 9 years

(d) 12 वर्ष / 12 years

**49.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या को चुनिए।

In the following question, select the related number from the given alternatives.

46:24::54: ?

(a) 30

(b) 24

(c) 20

(d) 36

**50.** कथन / Statements:

सभी गेंदें फूल हैं। / All balls are flowers.
सभी फूल प्लेटें हैं। / All flowers are plates.
कुछ प्लेट कप हैं। / Some plates are cups.

निष्कर्ष:/ Conclusions:

I. / कुछ फूल गेंदें हैं।/ Some flowers are balls.
II. कुछ प्लेटें फूल हैं।/ Some plates are flowers.
III. सभी कप प्लेट हैं। / All cups are plates.

(a) केवल निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं। / Only conclusions I and II follow.

(b) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है। / Only conclusion III follows.

(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। / Only conclusion II follow.

(d) केवल निष्कर्ष । अनुसरण करता है। / Only conclusion I follows.

*****End of Question Paper*****

*****प्रश्नपत्र समाप्त*****